09/01/2026

आकाशवाणी ईटानगर

प्रधानमंत्री के प्रो-एक्टिव गवर्नेंस और समय पर लागू करने के प्रमुख प्लेटफॉर्म, प्रगति ने अपनी 50वीं ब बैठक सफलतापूर्वक आयोजित करके एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर हासिल किया है। 2015 में शुरू किए जाने के बाद से, प्रगति ने सीधे प्रधानमंत्री की समीक्षा के माध्यम से प्रमुख इंफ्रास्ट्रक्चर प्रोजेक्ट्स और सार्वजनिक शिकायतों की रियल-टाइम मॉनिटरिंग और समाधान को सक्षम करके शासन में बदलाव को नई दिशा दी है। यह प्लेटफॉर्म सहकारी संघवाद का उदाहरण है, जो केंद्र, राज्यों और केंद्रीय मंत्रालयों को एक ही डिजिटल इंटरफ़ेस पर एक साथ लाता है। प्रगति के नेतृत्व वाली मॉनिटरिंग से विभागों के बीच होने वाली देरी को कम करने में मदद मिली है, जिससे प्रियोजना के कार्यानवयन में काफी सुधार हुआ है। प्रगति के हस्तक्षेप के बाद कई मंबित बिजली उत्पादन और ट्रांसमिशन प्रियोजना का काम पूरा किया गया है।

00000000000000000000000

अरुणाचल प्रदेश भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो - ACB ने फ्रंटियर हाईवे के लादा-सारली खंड से जुड़े भूमि मुआवजा रिश्वतखोरी मामले में दो निजी ब्रोकरों सहित तीन लोगों को गिरफ्तार किया है।

गिरफ्तार आरोपियों में तास्सोमोरा के निवासी छियालीस वर्षीय राजो ग्यादी और सेप्पा के टी-II कॉलोनी निवासी छत्तीस वर्षीय यायो यांगफो शामिल हैं। एसीबी के अनुसार, राजो ग्यादी ने तत्कालीन DLRSO ताकाम केचाक के साथ मिलीभगत कर धोखाधड़ी से मुआवजा राशि बढ़ाई और अन्य के साथ मिलकर लाभार्थियों से कुल उन्नीस दशमलव पांच एक करोड़ रुपये वसूले। यायो यांगफो पर आरोप है कि उसने 1.77 करोड़ रुपये पोस्ट-डेटेड चेक्स के माध्यम से लेन-देन किए। एक अन्य आरोपी ख्या बागांग को पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका है। अभी मामले की जांच जारी है।

0000000000000000000000000

राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, मेचुका के छात्रों और शिक्षकों के एक समूह ने राष्ट्रीय एकता भ्रमण के तहत राष्ट्रपति भवन में भारत के राष्ट्रपति से मुलाकात की। राष्ट्रपति ने छात्रों को उत्कृष्टता की ओर बढ़ने, मूल्यों को बनाए रखने और राष्ट्र निर्माण में योगदान देने के लिए प्रेरित किया। इस समूह ने संसद भवन का भी भ्रमण किया और केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू से मुलाकात की, उन्होंने छात्रों से अनुशासित, जागरूक और सामाजिक रूप से जिम्मेदार नागरिक बनने का आह्वान किया।

0000000000000000000000000

भारतीय जनता पार्टी ने ईटानगर नगर निगम - IMC के मेयर एवं डिप्युटी मेयर पद के लिए अपने उम्मीदवारों की घोषणा की है। भाजपा राज्य चुनाव समिति के आदेश के अनुसार, वार्ड संख्या 16 से लिखा नारी तादर को मेयर पद के लिए तथा वार्ड संख्या 19 से तोक ताबिन कामदिर को डिप्युटी मेयर पद के लिए नामित किया गया है। पार्टी ने सुशासन, बेहतर नागरिक सेवाओं और समावेशी विकास के लिए उनके नेतृत्व पर भरोसा जताया है। इस अवसर भाजपा नेताओं ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री पेमा खांदू के मार्गदर्शन में ईटानगर का भविष्य और अधिक सशक्त होने जा रहा है।

0000000000000000000000000

जनता दल (सेक्युलर), अरुणाचल प्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष रोकोम आपाङ का बुधवार को ईटानगर के एक अस्पताल में लंबी बीमारी के बाद निधन हो गया। वर्ष उन्नीस सौ उन्सठ में जन्मे दिवंगत ने कारको-गोसांग से दो बार ग्राम पंचायत सदस्य के रूप में सेवा दी और बाद में अंचल समिति सदस्य भी रहे। वे अरुणाचल कांग्रेस के प्रदेश उपाध्यक्ष भी रहें। वर्ष 2019 में उन्हें जेडी(एस) का प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किया गया था। उन्हें एक विनम्र और समर्पित नेता के रूप में याद किया जाएगा।

0000000000000000000000000

अपर सुबनसिरी जिला प्रशासन ने गुरुवार को दापोरिजो में गांधी मार्केट से न्यू मार्केट तक राष्ट्रीय राजमार्ग के किनारे राइट ऑफ वे क्षेत्र से अस्थायी अवैध ढांचों को हटाने के लिए अतिक्रमण हटाओ अभियान का आयोजन किया। यह कार्रवाई सर्किल ऑफ़िसर-कम-टाउन मेजिसट्रेट आमा नुंगनू मारा की मौजूदगी में पुलिस बल की सहायता से की गई। उन्होंने जनता को आरओडब्ल्यू क्षेत्र में अतिक्रमण न करने की चेतावनी दी और कहा कि सरकारी भूमि पर अनधिकृत निर्माण करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

0000000000000000000000000

गृह मंत्री अमित शाह ने आज वर्चुअली नेशनल IED डेटा मैनेजमेंट सिस्टम -NIDMS का शुभारंभ किया, जो देश के काउंटर-IED और आंतरिक सुरक्षा ढांचे को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि यह नया सिस्टम सही समय पर सही जानकारी पहुंचाने का एक बहुत ही प्रभावी तरीका होगा।

0000000000000000000000000

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने आज नई दिल्ली में आगामी केंद्रीय बजट 2026-27 से पहले दिल्ली स्कूल ऑफ इकोनॉमिक्स के छात्रों के साथ बजट पूर्व बातचीत की।

एक सोशल मीडिया पोस्ट में, वित्त मंत्री ने कहा कि बैठक के दौरान, छात्रों ने केंद्रीय बजट में विचार के लिए स्किलिंग, ग्रीन एनर्जी, ग्रामीण विकास और नई अर्थव्यवस्था पर कई तरह के सुझाव दिए।

0000000000000000000000000